दैनिक जागरण
20-6-13.

# पेट्रोल में एथनॉल मिलाने का लक्ष्य नहीं होगा पूरा

जाब्यू, नई दिल्ली : पेट्रोल में वैधानिक रूप से एथनॉल मिलाने का लक्ष्य निर्धारित 30 जून तक पूरा नहीं होगा। एथनॉल की समुचित आपूर्ति न होने से सभी प्रमुख पेट्रोलियम कंपनियों ने सरकार के समक्ष हाथ खड़े कर दिए हैं। इसी मुद्दे पर चर्चा करने के लिए एक प्रस्ताव आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) के सामने शुक्रवार को रखा जाएगा। पेट्रोल में पांच फीसद एथनॉल मिलाने को अनिवार्य बनाने और इसे देशभर में समान रूप से लागू करने का नियम बनाया गया।

VK